prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UPPSC RO ARO

## Prelims Exam 2020 (Hindi)

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

(c) 5 (d) 8

# पेपर-II सामान्य हिंदी

**1. 'भौतिक' का विलोम शब्द है-**

(a) आध्यात्मिक (b) दार्शनिक

(c) सांस्कृतिक (d) राजनीतिक

**2. 'प्राची' शब्द का विपरीतार्थक है।**

(a) उदीची (b) प्रतीची

(c) नवीन (d) समीची

**3. 'समष्टि' का विलोम शब्द है-**

(a) विशिष्ट (b) व्यष्टि

(c) अशिष्ट (d) अपुष्टि

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results,
Vacancies and updates on one click
Know More

**4. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों की दृष्टि से एक युग्म गलत है, वह है-**

(a) विधि-निषेध (b) आह्वान-विसर्जन
(c) आग्रह-विग्रह (d) अमिय-हलाहल

**5. विलोम शब्द की दृष्टि से इनमें से सही युग्म है-**

(a) आकीर्ण-विकीर्ण (b) ईप्सित-अभीप्सित
(c) आदृत-निरादृत (d) दोष-सदोष

**6. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**

(a) दैदीप्यमान (b) देदीपमान
(c) दैदीपमान (d) देदीप्यमान

**7. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) कौतूहल (b) अनधिकार
(c) निरपेक्ष (d) पौराणीक

**8. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है-**

(a) मुझसे यह काम सम्भव नहीं हो सकता।
(b) वह बिल्कुल भी बात नहीं करना चाहता।
(c) यह कविता अनेक भाव प्रकट करती है
(d) इन दोनों में केवल यही अन्तर है।

**9. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है, वह है-**

(a) इसके बावजूद भी हमसे हिन्दी लिखने में बहुत भूल हो जाती है।
(b) इसके बावजूद भी हमसे हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती है।
(c) इसके बावजूद भी हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूल हो जाती है।
(d) इसके बावजूद हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती हैं।

**10. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**

(a) पुलिस द्वारा डाकुओं का पीछा किया गया।
(b) देश की वर्तमान मौजूदा हालात ठीक नहीं है।
(c) मैं पुस्तकालय में नित्य समय पर पहुँचता हूँ।
(d) तुम चिन्ता न करो, मैं कोई न कोई रास्ता निकालूँगा।

**11. 'परंपरा से चली आ रही बात' के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है-**

(a) प्रतिश्रुति (b) व्याजस्तुति
(c) अनुलोम (d) अनुश्रुति

**12. 'जिसके पास कुछ न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) अक्षम (b) अकिंचन
(c) अज्ञ (d) असमर्थ

**13. 'स्वेद से उत्पन्न होने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) स्वेदज (b) अण्डज
(c) पिण्डज (d) उभयज

**14. 'अपरिणीत' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होता है?**

(a) जिसका परिणाम न निकलता हो।
(b) जिसका विवाह न हुआ हो।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

(c) जिसका विवाह हो चुका हो।
(d) जो देखने में प्रीतिकर न हो।

**15. निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए 'दुर्निवार' शब्द प्रयुक्त होता है?**
(a) जिसे दूर करना कठिन हो। (b) जिसपर वार करना कठिन हो।
(c) जिसे देख पाना कठिन हो। (d) जिसे जीत पाना कठिन हो।

**16. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है-**
(a) दही (b) जीर्ण
(c) गयंद (d) गाहक

**17. 'अगहन' का तत्सम रूप कौन-सा है?**
(a) अग्रहायण (b) अगहण
(c) आग्रहण (d) अग्रासन

**18. निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द है-**
(a) चतुर्दश (b) चतुर्थ
(c) चौदह (d) चत्वारि

**19. 'आभ्यंतर' का तद्भव शब्द है-**
(a) अन्दर (b) भीतर
(c) बाहर (d) गहरा

**20. 'कर्पट' का तद्भव रूप है-**
(a) कपट (b) कारपेट
(c) कपूर (d) कपड़ा

**21. "वह बहुत खाता है।'' इस वाक्य में 'बहुत' शब्द किस प्रकार का विशेषण है?**
(a) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) तुलनात्मक विशेषण
(d) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

**22. निम्नलिखित वाक्यों में से वह वाक्य चुनिए, जिसमें गुणवाचक विशेषण का प्रयोग किया गया है-**
(a) वह नटखट बालक संगीत नहीं सुन रहा है।
(b) वहाँ बहुत से पक्षी उड़ रहे हैं।
(c) मैं ने दस मन गेहूँ खरीदा है।
(d) ऐसे आदमी लाखों में एक होते हैं।

**23. "सतीश चंचल बालक है" इस वाक्य में 'चंचल' शब्द है-**
(a) विधेय विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) प्रविशेषण

**24. 'मानसिक' विशेषण किस मूल शब्द से बना है?**
(a) मान (b) मानस
(c) मनस (d) मनिस

**25. "चारित्रिक" विशेषण शब्द का मूल शब्द कौन-सा है?**
(a) चरित्र (b) चित्रण
(c) चरित्रता (d) चारुत्व

**26. 'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द है-**
(a) स्वरूप (b) सुविज्ञता
(c) समालोचन (d) निष्क्रिय

**27. 'बिजली' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) चमक (b) सौदामिनी
(c) प्रकाश (d) इनमें से कोई नहीं

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) रमा (b) इंदिरा
(c) कमला (d) भारती

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कपड़ा' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) वस्त्र (b) पट
(c) वसन (d) वासन

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'मेघ' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) पयोधर (b) जलधर
(c) वारिधर (d) दामोदर

**31. 'आविर्भूत' का सही विलोम शब्द है-**
(a) अनास्था (b) अनेकता
(c) तिरोभूत (d) अनावृष्टि

**32. क्षणिक' का सही विलोम शब्द है-**
(a) अल्प (b) शाश्वत
(c) क्षर (d) विमुख

**33. 'अग्रज' का विलोम शब्द है-**
(a) अक्षत (b) अतुल
(c) अनुज (d) अटल

**34. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों की दृष्टि से एक युग्म गलत है, वह है-**
(a) मौन-मुखर (b) शानदार-शर्मनाक
(c) बर्बर-सभ्य (d) अनुचर-परिचर

**35. विलोम शब्दों की दृष्टि से इनमें एक युग्म गलत है, वह है-**
(a) अमित-परिमित (b) सत्कार -तिरस्कार
(c) आच्छादित-परिच्छन्न (d) सुख-दुःख

**36. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**
(a) चिन्ह (b) विवर्त
(c) अनुग्रहीत (d) विरहणी

**37. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।**
(a) ज्योतिसना (b) ज्योत्सना
(c) ज्योतसना (d) ज्योत्स्ना

**38. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**
(a) कोमलांगी
(b) सम्मिलित
(c) उत्कर्षता
(d) अनुगृहीत

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results,
Vacancies and updates on one click
Know More

39. **निम्नलिखित में से एक शुद्ध वाक्य है, वह है-**
(a) प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।
(b) हरेक विद्यार्थियों को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।
(c) हरेक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेकों पुस्तकें पढ़े।
(d) हरेक विद्यार्थियों को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेकों पुस्तकें पढ़े।

40. **निम्नलिखित में से एक वाक्य अशुद्ध है, वह है-**
(a) मोहन गेहूँ पिसवाने चक्की पर गया है।
(b) निर्दय व्यक्ति से मित्रता नहीं करनी चाहिए।
(c) उसके घर के पास एक मिठाई की दुकान है।
(d) उपर्युक्त कथन असत्य है।

41. **'जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) अजेय (b) शत्रुजयी
(c) अजातशत्रु (d) शत्रुविहीन

42. **'खोज करने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) अन्वेषक (b) अनुपम
(c) अन्विति (d) निवेशक

43. **'जिसकी ग्रीवा सुन्दर हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) पार्थिव (b) सुग्रीव
(c) सुधीर (d) सुनील

44. **'जिसका अनुभव इन्द्रियों द्वारा न हो सके' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) जीतेन्द्र (b) अतीन्द्रिय
(c) एन्द्रिक (d) इनमें से कोई नहीं

45. **वाक्यांशों और उनके लिए प्रयुक्त शब्दों के निम्नलिखित युग्मों में सही युग्म का चयन कीजिए।**
(a) जो स्त्री अभिनय करे - अभिनेता
(b) जो व्याकरण जानता हो - व्याकरणिक
(c) आँखों से परे - प्रत्यक्ष
(d) लौटकर आया हुआ - प्रत्यागत

46. **निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है-**
(a) उछाह (b) उजला
(c) उल्लू (d) ओष्ठ

47. **'परिवा' का तत्सम रूप है-**
(a) परवा (b) परेवा
(c) प्रतिपदा (d) पड़ीवा

48. **निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों का संगत युग्म है-**
(a) खर्पट - खोपड़ी (b) सक्तु - सत्य
(c) पर्यंक - पलंग (d) घोटक - घड़ा

49. **निम्नलिखित में से एक 'तद्भव' शब्द है-**
(a) आँसू (b) एकत्र
(c) वानर (d) उच्च

50. **'कपित्थ' का तद्भव शब्द है-**
(a) कपूर (b) कैथा
(c) केला (d) खजूर

51. **निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'गुणवाचक' विशेषण है?**
(a) उचित (b) पाँचवाँ
(c) कुछ (d) तीन

52. **निम्नलिखित में से कौन-सा विशेषण संज्ञा से नहीं बना है?**
(a) श्रीमान (b) दानी
(c) सुन्दर (d) चमकीला

53. **निम्नलिखित में से किस वाक्य में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण-विशेष्य का प्रयोग किया गया है?**
(a) परमानन्द कक्षा में सबसे होशियार छात्र है।
(b) मनमोहन ने इस दुकान से एक किलो टमाटर खरीदा है।
(c) इस पौधे में इतना पानी मत डालो।
(d) विजय पहलवान एक दिन में चार लीटर दूध पीता है।

54. **"सौर" किस मूल शब्द से बना विशेषण है?**
(a) सूर (b) सुर
(c) सूर्य (d) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

55. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है?**
(a) आग (b) आग्नेय
(c) अगिन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. **'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) सहकार (b) शून्य
(c) प्रभा (d) मंडली

57. **'सोना' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) अर्क (b) वर्क
(c) माणिक्य (d) कनक

58. **'उसके प्राण-पखेरू उड़ गए।' इस वाक्य में 'पखेरू' शब्द किसका पर्यायवाची है?**
(a) पक्षी (b) जल्दी
(c) पखवाड़ा (d) पखारना

59. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) सुधांशु (b) सुधाकर
(c) सुधाधर (d) सलिल

60. **निम्नांकित शब्दों में से एक शब्द 'माता' का पर्यायवाची नहीं है। वह है-**
(a) अम्ब
(b) अम्बु
(c) अम्बा
(d) जननी

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# पेपर-II सामान्य हिंदी

**1.** (a) 'भौतिक' शब्द का विलोम शब्द आध्यात्मिक है। भौतिक शब्द का प्रयोग सांसारिक वस्तुओं अर्थात् ऐसी वस्तु जिन्हें हम देख अथवा स्पर्श कर सकते हैं, के संदर्भ में किया जाता है, जबकि 'आध्यात्मिक' शब्द का प्रयोग इस लोक से इत्तर वस्तुओं के संदर्भ में किया जाता है।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results,
Vacancies and updates on one click
Know More

2. (b) 'प्राची' शब्द का विपरीतार्थक शब्द प्रतीची है। प्राची का अर्थ पूर्व दिशा तथा प्रतीची का अर्थ पश्चिम दिशा होता है।
3. (b) 'समष्टि' शब्द का विपरीतार्थक शब्द व्यष्टि होता है। समष्टि शब्द का प्रयोग समाज या समूह के संदर्भ में किया जाता है, जबकि व्यष्टि का प्रयोग व्यक्ति के संदर्भ में किया जाता है।
4. (c) प्रश्न में दिए गए विलोम शब्दों के युग्मों में से 'आग्रह-विग्रह' विकल्प असंगत है। 'आग्रह' का विलोम शब्द अनाग्रह या दुराग्रह तथा 'विग्रह' का विलोम संधि होता है।
5. (c) प्रश्न में दिए गए विलोम शब्दों के युग्मों में से 'आदृत-निरादृत' शब्द-युग्म सही है। 'आदृत' शब्द का अर्थ सम्मानित होता है, जबकि 'निरादृत' शब्द का अर्थ तिरस्कृत या अपमानित होता है।
6. (d)
7. (d) 'पौराणीक' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप पौराणिक होगा।
8. (c) 9. (d)
10. (b) प्रश्नगत विकल्पों में से विकल्प (b) 'देश की वर्तमान मौजूदा हालात ठीक नहीं है।' अशुद्ध है। प्रस्तुत वाक्य में प्रयुक्त 'वर्तमान' और 'मौजूदा' दोनों शब्द एक ही अर्थ को प्रकट कर रहे हैं, जिस कारण वाक्य में पुनरुक्ति दोष आ गया है।
11. (d) 12. (b) 13. (a) 14. (b) 15. (a)
16. (b) वे शब्द जो संस्कृत भाषा से हिन्दी में ज्यों-के-त्यों प्रयोग किए जाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। प्रस्तुत विकल्पों में से 'जीर्ण' शब्द तत्सम है, इसका तद्भव रूप झीना होता है। 'दही', 'गयंद' और 'गाहक' के तत्सम शब्द रूप क्रमश: 'दधि', 'गजेंद्र' और 'ग्राहक' हैं।
17. (a) 'अगहन' शब्द का तत्सम रूप अग्रहायण है। अग्रहायण का अर्थ मार्गशीर्ष मास होता है।
18. (c) प्रश्नगत विकल्पों में से 'चौदह' शब्द तद्भव है, इसका तत्सम शब्द चतुर्दश होता है। 'चतुर्थ' और 'चत्वारि' दोनों शब्द 'चार' के तत्सम रूप हैं।
19. (b) 'आभ्यंतर' शब्द का तद्भव रूप भीतर है। 'अंदर', 'बाहर' एवं 'गहरा' तद्भव शब्दों के तत्सम रूप क्रमश: 'अत:', 'बहिर' एवं 'गंभीर' हैं।
20. (d) 'कर्पट' शब्द का तद्भव रूप कपड़ा होता है। 'कारपेट' अंग्रेजी भाषा का शब्द है और 'कपूर' का तत्सम रूप कर्पूर होता है।
21. (d) 'वह बहुत खाता है।' वाक्य में 'बहुत' शब्द अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है। जिन विशेषणों से संज्ञा अथवा सर्वनाम के परिमाण का निश्चित ज्ञान नहीं होता है, उन्हें अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।
22. (a) प्रश्नगत विकल्पों में से 'वह नटखट बालक संगीत नहीं सुन रहा है।' वाक्य में गुणवाचक विशेषण का उदाहरण है। वाक्य में 'नटखट' शब्द बालक के चंचल स्वभाव को अभिव्यक्त करता है। जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण-धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
23. (b) 'सतीश चंचल बालक है।' वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'चंचल' बालक के स्वभाव को प्रकट करता है। अत: यह गुणवाचक विशेषण है।
24. (b) 'मानसिक' विशेषण शब्द 'मानस' मूल शब्द से बना है। मानस का अर्थ मन होता है, जिसमें 'इक' प्रत्यय जोड़ने से मानसिक शब्द बना है।
25. (a) 'चारित्रिक' विशेषण शब्द 'चरित्र' मूल शब्द से बना है। चरित्र शब्द में 'इक' प्रत्यय जोड़ने से यह शब्द बना है।
26. (c) 'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द समालोचन है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द 'विवेचना', 'समीक्षा', 'आलोचना', 'निरुपण' आदि हैं।
27. (b) बिजली का सही पर्यायवाची शब्द सौदामिनी है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द चपला, चंचला, दामिनी, तड़ित, विद्युत आदि हैं।
28. (d) 'भारती' सरस्वती का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द गिरा, शारदा, वीणापाणि, विमला आदि हैं। लक्ष्मी के पर्यायवाची शब्द रमा, इंदिरा, कमला, श्री, पद्मा आदि हैं।
29. (*) प्रश्न में दिए गए सभी विकल्प कपड़े के पर्यायवाची हैं। **नोट**- आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (d) वासन को माना है।
30. (d) 'दामोदर' मेघ का पर्यायवाची नहीं है। 'मेघ' के पर्यायवाची शब्द 'घन, 'बादल', 'वारिद', 'नीरद', 'पयोद', 'जलधर' आदि हैं।
31. (c) 'आविर्भूत' शब्द का विलोमार्थी शब्द 'तिरोभूत' है। अनास्था का आस्था, अनेकता का एकता तथा अनावृष्टि का वृष्टि विलोम शब्द है।
32. (b) 'क्षणिक' शब्द का विलोमार्थी शब्द 'शाश्वत' है। अल्प का अति, क्षर का अक्षर तथा विमुख का उन्मुख विलोम शब्द है।
33. (c) 'अग्रज' का विलोम शब्द अनुज है। अक्षत का क्षत, अतुल का तुल तथा अटल का विलोम डाँवाडोल है।
34. (d) प्रश्नगत विपरीतार्थक शब्द युग्मों में से विकल्प (d) गलत है। परिचर का विलोमार्थी शब्द 'परिचारिका' होता है।
35. (c) प्रश्नगत विपरीतार्थक शब्द युग्मों में से विकल्प (c) असंगत हैं आच्छादित का विलोम 'अनाच्छादित' तथा परिच्छन्न का विलोम 'अपरिच्छन्न' होता है।
36. (b) 'विवर्त' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। चिन्ह, अनुग्रहीत व विरहणी शब्दों के शुद्ध रूप क्रमश: चिह्न, अनुगृहीत व विरहिणी हैं।
37. (d)
38. (*) प्रश्नगत सभी विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं। नोट- आयोग ने विकल्प (c) उत्कर्षता को वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द माना है।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**39.** (a)

**40.** (c) प्रश्नगत विकल्पों में से विकल्प (c) 'उसके घर के पास एक मिठाई की दुकान है।' अशुद्ध है; इसका शुद्ध वाक्य 'उसके घर के पास मिठाई की एक दुकान है।' होगा। प्रस्तुत वाक्य में पदक्रम संबंधी दोष है।

**41.** (c)

| | **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | जिसे जीता न जा सके | - | अजेय |
| (b) | जिसने शत्रुओं को जीत लिया हो | - | शत्रुजयी |
| (c) | जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है | - | अजातशत्रु |
| (d) | जिसका कोई शत्रु न हो | - | शत्रुविहीन |

**42.** (a)

| | **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | खोज करने वाला | - | अन्वेषक |
| (b) | जिसकी उपमा न दी जा सके | - | अनुपम |
| (c) | अन्वित होने की अवस्था | - | अन्विति |
| (d) | निवेश करने वाला | - | निवेशक |

**43.** (b)

| | **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | जो पृथ्वी से संबंधित हो | - | पार्थिव |
| (b) | जिसकी ग्रीवा सुंदर हो | - | सुग्रीव |
| (c) | जो बहुत धैर्यवान हो | - | सुधीर |
| (d) | जो अत्यधिक नीला हो | - | सुनील |

**44.** (b)

| | **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | जिसने इंद्रियों को जीत लिया हो | - | जीतेन्द्र |
| (b) | जिसका अनुभव इंद्रियों द्वारा न हो सके | - | अतीन्द्रिय |
| (c) | इंद्रियों से संबंधित | - | एंद्रिक |

**45.** (d)

| | **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | जो स्त्री अभिनय करे | - | अभिनेत्री |
| (b) | जो व्याकरण जानता हो | - | वैयाकरण |
| (c) | आँखों से परे | - | अप्रत्यक्ष |
| (d) | लौटकर आया हुआ | - | प्रत्यागत |

**46.** (d) प्रश्नगत विकल्पों में से 'ओष्ठ' शब्द तत्सम है, इसका तद्भव रूप ओंठ या होंठ है। 'उछाह', 'उजला', तथा 'उल्लू' तद्भव शब्दों का तत्सम रूप 'उत्साह', 'उजाला' तथा 'उलूक' है।

**47.** (c)

**48.** (c)

| **तत्सम शब्द** | | **तद्भव शब्द** |
|---|---|---|
| सक्तु | - | सत्तू |
| सत्य | - | सच |
| पर्यंक | - | पलंग |
| घोटक | - | घोड़ा |
| घड़ा | - | घट |

**49.** (a)

| | **तत्सम शब्द** | | **तद्भव शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | अश्रु | - | आँसू |
| (b) | एकत्र | - | इकट्ठा |
| (c) | वानर | - | बंदर |
| (d) | उच्च | - | ऊँचा |

**50.** (b)

| | **तत्सम शब्द** | | **तद्भव शब्द** |
|---|---|---|---|
| (a) | कर्पूर | - | कपूर |
| (b) | कंपित्य | - | कैथा |
| (c) | कदली | - | केला |
| (d) | खर्जूर | - | खजूर |

**51.** (a) 'उचित' गुणवाचक विशेषण है। 'पाँचवां' और 'तीन' निश्चित संख्यावाचक विशेषण हैं तथा 'कुछ' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

**52.** (c) 'सुन्दर' विशेषण किसी संज्ञा से नहीं बना है। 'दानी' विशेषण में 'दान' तथा 'चमकीला' विशेषण में 'चमक' संज्ञा शब्द है।

**53.** (a) प्रश्नगत विकल्पों में से विकल्प (a) 'परमानंद कक्षा में सबसे होशियार छात्र है।' में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण-विशेष्य का प्रयोग किया गया है। वाक्य में परमानंद (विशेष्य) को कक्षा का सबसे (उत्तमावस्था) होशियार (गुण) छात्र कहा गया है, इसलिए इस वाक्य में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण है।

**54.** (c)

**55.** (b) 'आग' और 'अगिन' संज्ञा शब्द हैं, जबकि आग्नेय गुणवाचक विशेषण है।

**56.** (b) 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द 'शून्य' है, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द 'नभ', 'आसमान', 'गगन', 'अंबर' आदि हैं। 'प्रभा' के पर्यायवाची 'किरण', 'ज्योति', 'रोशनी', 'प्रकाश' आदि हैं। 'मंडली' के पर्यायवाची 'समूह', 'दल' आदि हैं।

**57.** (d) 'सोना' का पर्यायवाची शब्द 'कनक' है, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द 'स्वर्ण', 'कंचन', 'हेन', 'हारक' आदि हैं। 'अर्क' के पर्यायवाची शब्द 'सूर्य', 'सूरज', 'भानु', 'दिवाकर' आदि हैं।

**58.** (a) 'उसके प्राण पखेरू उड़ गए।' वाक्य में पखेरू शब्द का अर्थ 'पक्षी' है।

**59.** (d) 'सलिल' शब्द के पर्यायवाची 'अम्बु', 'जल', 'नीर', 'तोय', 'पानी' आदि हैं। चन्द्रमा के पर्यायवाची 'सुंधाशु', 'सुधाकर', 'सुधाधर', 'सोम', 'राकापति', 'द्विजराज' आदि हैं।

**60.** (b) 'अम्बु' शब्द जल का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द 'पानी', 'वारि', 'सलिल', 'नीर' आदि हैं। 'माता' के पर्यायवाची शब्द अम्बा, अम्ब, जननी, अम्मा, धात्री, प्रसू आदि हैं।

❑❑❑

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in